न्यूज़लेटर

अक्टूबर-नवंबर, 2025

दिल्ली के लाल किले के पास हुआ कार विस्फोट बेहद दुखद और चिंताजनक है। इस दर्दनाक घटना में अपनी जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों के परिवारों और दोस्तों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। मैं आशा करता हूं की न्याय, शांति और एकता की भावना बनी रहेगी।



ऑपरेशन सरकार चोरी का पर्दाफाश

5 नवंबर 2025 को राहुल गांधी ने खुलासा किया कि कैसे चुनाव आयोग और भाजपा ने मिलकर हरियाणा के 2024 विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की जीत को चोरी किया। उन्होंने बताया कि हर आठ में से एक मतदाता, यानि कुल 25 लाख से अधिक मतदाता फर्जी थे। एक ब्राजीलियन मॉडल का नाम मतदाता सूची में 22 बार दर्ज था और एक ही घर में 500 लोगों का पंजीकरण हुआ था। यह सबूत बेहद चौंकाने वाले थे।

राहुल गांधी ने कहा कि वोट चोरी का मॉडल अब सिर्फ हरियाणा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देशभर में फैलाया जा रहा है, जिसमें बिहार में हुआ SIR भी शामिल है। उन्होंने जमुई जिले के धरमपुर गांव के चार मतदाताओं से बात करी, जिन्होंने बताया कि SIR के दौरान उनके नाम मतदाता सूची से गलत तरीके से हटा दिए गए थे।

आश्चर्यजनक खुलासे करती प्रेस कांफ्रेंस यहां देखें।

बिहार के मुद्दों पर बात

बिहार राहुल गांधी ने बेरोज़गारी और पलायन जैसे मुद्दों पर बात की, ये मुद्दे हर बिहारी के दिल के करीब हैं। उन्होंने नीतीश कुमार और भाजपा की आलोचना करते हुए कहा कि वे 20 सालों से बिहार में रोज़गार पैदा नहीं कर पाए, जिससे युवाओं को दूसरी जगहों पर पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ा। राहुल गांधी ने वादा किया कि महागठबंधन सरकार बनने पर, बिहार के बेटे-बेटियों को अपने ही राज्य में अवसर और सम्मान मिलेगा।

बिहार में राहुल गांधी की कुछ रैलियां देखें

पूर्णिया | नालंदा | कुटुंबा | बेगूसराय

बिहार के युवाओं से संवाद

छात्र संवाद का वीडियो यहां देखें।

राहुल गांधी ने दिल्ली में पढ़ रहे बिहार के छात्रों से मुलाकात की और बिहार की चरमराती शिक्षा व्यवस्था पर चर्चा की। छात्रों ने बताया कि उन्हें अपर्याप्त संसाधनों, डिग्री मिलने में देरी, और कॉलेज कैंपसों में जातीय भेदभाव के कारण बिहार छोड़ना पड़ता है। उन्होंने दिल्ली जैसे शहरों में महंगी फीस और किराए को लेकर भी चिंता जताई।

पीड़ित परिवारों से मुलाकात

रायबरेली, उत्तर प्रदेश में दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की हत्या बहुत परेशान करने वाली है, उनके परिवार से मिलकर न्याय के लिए आवाज उठाई।

दलित IPS अधिकारी वाई. पूरन कुमार जी की आत्महत्या पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े करती है, उनके परिवार से मिलकर दर्द साझा किया।

ज़ुबीन गर्ग जी के परिवार से मिलकर, असम के सोनपुर में उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

झलकियां

बेगूसराय, बिहार में VIP पार्टी के अध्यक्ष मुकेश सहनी जी के साथ मछुआरा समुदाय के साथ तैराकी की।

चांदनी चौक की मशहूर घंटेवाला मिठाइयों की दुकान पर इमरती और बेसन के लड्डू बनाने में हाथ आज़माया।

इंदिरा गांधी मेमोरियल में इंदिरा गांधी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती के अवसर पर संसद में Gen Z के भविष्य के प्लान के बारे में जाना।

मेडेलन, कोलंबिया में कॉफ़ी बनाते हुए इसके हर कप के पीछे की साइंस और क्रिएटिविटी का अनुभव किया।

न्यूज़लेटर को सब्सक्राइब करने के लिए यहां क्लिक करें